**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–21.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **चुनाव आयोग ने कहा– स्क्रूटनी के बाद आज दोपहर तक सभी जिलों में बनाए गए स्ट्रांगरूम में ईवीएम जमा कर दी जाएगी।**
2. **दूसरे और अंतिम चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदाताओं ने डाले वोट, 21 सीटों पर रिकॉर्ड सत्तर प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग।**
3. **23 नवंबर को होनेवाली मतगणना की तैयारियां तेज, वज्रगृहों में ईवीएम की सुरक्षा के कड़े इंतजाम।**
4. **हजारीबाग के गोरहर में आज सवेरे एक यात्री बस के पलटने से 6 यात्रियों की मौत, एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल।**

**समाचार विस्तार से**

*****************

चुनाव आयोग ने कहा है कि स्क्रूटनी के बाद आज दोपहर तक सभी जिलों में बनाए गए स्ट्रांगरूम में ईवीएम जमा कर दी जाएगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मतदान समाप्ति के बाद कल देर रात तक सभी मतदान केंद्रों की रिपोर्ट प्राप्त हो गयी है। स्ट्रांग रूम के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है और सीसीटीवी कैमरों से सभी तरह की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

*****************

दूसरे और अंतिम चरण में 38 विधानसभा सीटों के लिए हुए मतदान में 68 दशमलव चार पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस चरण में 21 ऐसी सीटें रहीं, जहां रिकॉर्ड सत्तर प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई। वहीं, दस सीटों पर 65 से 70 प्रतिशत, चीर सीटों पर 60 से 65 तथा तीन सीटों पर 52 से 55 फीसदी के बीच मतदान हुआ। नाला सीट के लिए सबसे ज्यादा अस्सी दशमलव तीन प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किए, जबकि बोकारो में सबसे कम बावन प्रतिशत के लगभग मतदान हुआ।

*****************

23 नवंबर को होनेवाली मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस सिलसिले में सभी स्ट्रॉग रुम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में ईवीएम रखा गया है। वहीं, मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इधर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक स्ट्रांग रुम का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। चुनाव आय़ोग ने बताया कि पहले बैलेट पेपर और फिर ईवीएम के मतों की गिनती की जाएगी। पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने कॉपरेटिव क़ॉलेज में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों को चौबीस घंटे अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया।

*****************

एनडीए  और इंडिया ब्लॉक द्वारा चुनाव में अपनी–अपनी जीत के दावे किए जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष और चंदनक्यारी सीट से भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जनता इस बार परिवर्तन  का मूड बना  चुकी है। राज्य में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय का दावा है कि हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में एक बार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य में जनता ने महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए ही मतदाताओं ने वोट किया है।

*****************

चतरा जिले के अंतर्गत आने वाले चतरा तथा सिमरिया विधानसभा सीटों की मतगणना को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को याद करने के लिए जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार आदिवासियों के आर्थिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करके उनके जीवन को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के आदिवासी उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं। सरकार ट्राइफेड आउटलेट और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी के माध्यम से इन प्रयासों का समर्थन करती है।

*****************

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया है। गोवा में कल 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी के उद्घाटन समारोह में इसका अनावरण किया गया। यह प्लेटफॉर्म दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत से जोड़ेगा।

*****************

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं अगले वर्ष 15 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड की ओर  से दोनों परीक्षाओं के शुरू होने से 86 दिन पहले ही डेट शीट जारी कर दी गयी है। परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट सीबीएसई डॉट इन पर डेट शीट डाउनलोड कर सकते हैं। दसवीं की परीक्षाएं 18 मार्च को  तथा  12 बोर्ड की  परीक्षा 4 अप्रैल को समाप्त होगी।

*****************

रिम्स, रांची में मरीजों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने की दिशा में अस्पताल प्रबंधन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। सेंट्रल इमरजेंसी और ओपीडी में तैनात चिकित्सकों को निर्देश दिया है कि उनके द्वारा लिखी गई पर्ची निजी दवाई दुकानों तक नहीं पहुंचनी चाहिए। उन्हें यह भी कहा गया है कि वे रिम्स परिसर में अवस्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र और रिम्स की निगरानी में चल रही दवा दुकान से दवा खरीदने के लिए मरीजों और उनके परिजनों को पूरी जानकारी दें।

*********************

हजारीबाग के गोरहर थाना क्षेत्र में आज सवेरे एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनका प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग और रांची भेजा गया है। यात्री बस कोलकाता से पटना की ओर जा रही थी। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है।

*********************

**अब संक्षिप्त खबरें** **21.11.2024**

- यूजीसी ने दिसंबर में होने वाले नेट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तारीख बढ़ाकर दस दिसंबर कर दी है। यह परीक्षा अगले वर्ष एक से उन्नीस जनवरी के बीच आयोजित होगी।
- पूर्वी सिंहभूम समेत राज्य के सभी व्यवहार न्यायालयों में 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा।
- जमशेदपुर में आनंद मार्ग यूनिवर्सल टीम के रक्तदान शिविर में पचास लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को पौधा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- लातेहार जिला के हेरहंज थाना क्षेत्र स्थित जंगल में उग्रवादियों ने पांच हाइवा को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान उन्होंने फायरिंग भी की।
- झारखंड की एथलीट बसंती कुमारी ने मंगलोर में आयोजित ऑल इंडिया क्रॉस कंट्री की दस किलोमीटर दौड़ में रजत पदक जीता।

********समाप्त**************